an>

Title: Regarding shortage in supply of Urea in Haryana.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष एक जरूरी विषय लाना चाहता हूं। कल स्टार्ड क्वैश्चन नम्बर चार पर माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया था कि आज हमारे देश के अंदर 13 लाख मीट्रिक टन यूरिया की डिमांड है। हमारे देश के अंदर 23 मिट्रिक लाख टन यूरिया पड़ी है। नवंबर, दिसंबर और जनवरी में जब यूरिया की जरूरत थी, हमारे देश के इतिहास में पहली बार हुआ कि हमारी माताओं-बहनों को थाने में जा कर पर्चियां कटवा कर यूरिया लेनी पड़ी। हरियाणा के अंदर, जहां दिसंबर के माह में डेढ़ लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत थी, वहां केवल अस्सी हज़ार मीट्रिक टन ही यूरिया उपलब्ध थी। उसका सबसे बड़ा कारण यही था कि हरियाणा से पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बहुत भारी मात्रा में यूरिया की कालाबाजारी हो रही थी। माननीय मंत्री जी से निरंतर मुलाकात कर के भी, प्रदेश सरकार को भी बता कर हमने यह प्रयास किया कि किसी तरह कालाबाजारी रोकी जाए। एक तरफ तो माननीय प्रधान मंत्री जी हरियाणा की धरती से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत करते हैं और दूसरी ओर हमारी माताओं-बहनों को पुलिस चौकियों के अंदर जा कर यूरिया की स्लिप कटवा कर लानी पड़ती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अपील करता हूँ कि इस पर एक डिटेल्ड इंक्वायरी करवा कर इसकी जांच करवाने का काम करें।